यूपी ने गार्टेक्स 2025 में निवेशकों को टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश के लिया किया आकर्षित

- ***इन्वेस्ट यूपी और यूपी हैंडलूम ने गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया-2025 में प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों का किया प्रचार-प्रसार***

लखनऊ, 22 मई 2025: उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ के राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और एक वैश्विक निवेश गंतव्य बनाने के विज़न के अनुरूप, इन्वेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश हैंडलूम एवं वस्त्र निदेशालय ने मुंबई में 22 से 24 मई, 2025 तक आयोजित गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया 2025 ट्रेड शो में प्रतिभाग कर रहा है।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री शशांक चौधरी ने उत्तर प्रदेश के तीव्र आर्थिक परिवर्तन और निवेश-अनुकूल नीतियों व प्रोत्साहनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि **माननीय मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्यनाथ** के कुशल मार्गदर्शन में, राज्य तेजी से $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियों के कारण, उत्तर प्रदेश आज देश के सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक बन गया है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की रणनीतिक विशेषताओं को उजागर करते हुए कहा, "राज्य में कुशल मानव संसाधन, मजबूत अवस्थापना और नवाचार व रोजगार-प्रेरित वस्त्र नीति उपलब्ध है। बनारसी बुनाई से लेकर लखनऊ की चिकनकारी तक, पारंपरिक धरोहर को आधुनिकता से जोड़ते हुए, उत्तर प्रदेश अब लखनऊ) में प्रस्तावित पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क की स्थापना कर रहा है और उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं परिधान नीति – 2022 के तहत प्रोत्साहनों के माध्यम से एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है।" उन्होंने निवेशकों से उत्तर प्रदेश की इस विकास यात्रा में भागीदार बनने का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम में महाराष्ट्र सरकार के माननीय वस्त्र मंत्री, श्री संजय सवकारे सहित कई प्रमुख उद्योगपतियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिरकत की। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त आयुक्त (हस्तशिल्प एवं वस्त्र) श्री के.पी. वर्मा और इन्वेस्ट यूपी के महाप्रबंधक श्री अनुरुद्ध क्षत्रिय ने एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं परिधान नीति – 2022 के तहत दिए जा रहे प्रोत्साहनों को विस्तार से बताया गया। यह प्रस्तुति राज्य में वस्त्र उद्योग को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान, इन्वेस्ट यूपी और हस्तशिल्प एवं वस्त्र विभाग के वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें करेंगे, जिसमें उत्तर प्रदेश के निवेश-अनुकूल वातावरण, वस्त्र और परिधान क्षेत्र में अवसरों तथा **सिंगल विंडो क्लीयरेंस** के माध्यम से उद्योगों स्थापना की सहज प्रक्रिया को प्रमुखता से प्रस्तुत कर रहे है।

गार्टेक्स टेक्सप्रोसेस इंडिया वस्त्र और परिधान मशीनरी के क्षेत्र की एक अग्रणी प्रदर्शनी है, जिसमें 125 से अधिक प्रदर्शक और 300 से ज्यादा ब्रांड हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि राज्य औद्योगिक विकास, वस्त्र नवाचार और परिधान निर्माण में राष्ट्रीय नेतृत्व की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।